सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 111 | इंदौर, बुधवार 05 नवंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. US: न्यूयॉर्क के अगले मेयर होंगे भारतवंशी जोहरान ममदानी, पूर्व गवर्नर कुओमो को हराया, ट्रंप को बड़ा झटका
2. माधुरी दीक्षित के टोरंटो शो पर विवाद बढ़ता देख आयोजकों ने दी सफाई, कहा- टीम की गलती से हुई देरी
3. US: वर्जीनिया की गवर्नर चुनी गईं एबिगेल स्पैनबर्गर, 2026 मध्यावधि चुनाव से पहले ट्रंप के लिए बजी खतरे की घंटी
4. Train Accident: बिलासपुर रेल हादसे में बढ़ा मौत का आंकड़ा, 11 की गई जान... 20 घायल; कई घंटे बाद परिचालन बहाल
5. गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व: पाकिस्तान पहुंचे 2,100 भारतीय सिख श्रद्धालु, लाहौर में गर्मजोशी से स्वागत
6. Bihar News : घर में जवान बेटी के साथ माता-पिता का शव! बिहार चुनाव के बीच पूर्णिया में तिहरा हत्याकांड

# बिहार में सीएम बोले-रास्ते और हेलीपैड खोद दिए, लेकिन जनता से मिलने से कोई नहीं रोक सकता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान मंगलवार को सीएम डॉ. मोहन यादव की मनेर विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित सभा और रोड शो से पहले हेलीपैड और पहुंच मार्ग को खोद दिया। सत्तापक्ष ने विपक्ष पर साजिश रचने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पटना जिले की मनेर, बांकीपुर और मधेपुरा विधानसभा सीटों पर एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार के लिए पहुंचे थे। बताया गया कि मनेर में उनकी सभा से पहले अचानक हेलीपैड और मुख्य सड़क को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे कार्यक्रम में देरी हुई। हालांकि, सुरक्षा और प्रशासनिक इंतजामों के बाद मुख्यमंत्री ने निर्धारित स्थान पर पहुंचकर सभा की और जनता को संबोधित किया।



सभा में डॉ. यादव ने कहा कि वे किसी भी परिस्थिति में जनता के बीच पहुंचने से पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि मैं आपसे मिलने आ रहा था, तो रास्ते खोद दिए, हेलीपैड खोद दिया। लेकिन चाहे जो हो, मैं जनता से मिलने के लिए जान की बाजी लगाने को तैयार हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव प्रचार एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया है और इसे बाधित करने के प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने जनता से एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में वोट देने की अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की नई दिशा तय हो रही है। उधर, भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस घटना को विपक्ष द्वारा की गई "कुत्सित साजिश" करार दिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि एनडीए की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर विरोधियों ने ऐसा कदम उठाया। हालांकि, स्थानीय प्रशासन ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और मौके पर स्थिति जल्द ही सामान्य कर दी गई थी। डॉ. यादव के बिहार में लगातार दौरे जारी हैं। वे अब तक कई जनसभाओं और रोड शो में हिस्सा ले चुके हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि उनकी सभाओं में लोगों की बड़ी संख्या में मौजूदगी से एनडीए को अंतिम चरण के मतदान में लाभ मिलने की उम्मीद है।

# एमआर-9 लिंक रोड के लिए तोड़े 140 बाधक निर्माण

## अब रिंग रोड से एबी रोड के बीच 100 फीट चौड़ी सड़क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में पहले मास्टर प्लान में शामिल एमआर-9 लिंक रोड को बनाने का काम नगर निगम ने शुरू किया है। इसके लिए मालवीय नगर से रिंग रोड तक 100 फीट चौड़ी सड़क की जद में आ रहे 140 मकानों को तोड़ा गया। रहवासियों ने इसका विरोध भी किया, लेकिन अफसरों ने कहा कि तय मोहलत के बाद अब बाधक हिस्से तोड़ना होंगे। पिछले दिनों रहवासियों ने विधायक रमेश मेंदोला के घर के सामने धरना भी दिया था।**

इंदौर विकास प्राधिकरण पंद्रह साल पहले चंद्रगुप्त मोर्य प्रतिमा चौराहा से अनोप टॉकिज चौराहा तक सड़क बना चुका है, लेकिन उसके आगे सड़क नहीं बन पाई है। अब एबी रोड से रिंग रोड के बीच सड़क बनाई जा रही है। भविष्य में यह सड़क खजराना से होते हुए बायपास तक बनेगी।चौड़ाई की जद में आ रहे 140 मकानों को पिछले माह नोटिस दिए गए थे और स्वेच्छा से मकान हटाने को कहा गया था। कुछ रहवासियों ने मकान हटा लिए थे। जिन लोगों ने निर्माण नहीं तोड़े, उन्हें नगर निगम के अमले ने जमींदोज कर दिया। पाचं जेसीबी व पोकलेन की मदद से चौड़ाई की जद में आ रहे सभी निर्माण को तोड़ दिया गया। अब नगर निगम अगले माह सड़क बनाने का काम शुरू करेगा। एबी रोड से संजय गांधी नगर तक सड़क चौड़ी हो चुकी है, लेकिन 300 मीटर में घनी बस्ती है। जो हट नहीं पाई। इस कारण सड़क पूरी तरह नहीं जुड़ पाई। 300 मीटर में दो सौ से ज्यादा बाधक निर्माण है। रहवासी जमीन के बदले प्लॉट देने की मांग कर रहे थे। इस कारण अभी तक सड़क अधूरी है।



जनसुनवाई में दिखा अनूठा और प्रेरक दृश्य

# कलेक्टर श्री वर्मा ने मंडी में किसानों की समस्याएं की त्वरित निराकृत

## जनसुनवाई में पहुंचकर किसानों ने साफा पहनाकर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के प्रति जताया आभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रति मंगलवार की तरह इस मंगलवार भी आज कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई संपन्न हुई। इस बार की जनसुनवाई में एक अनूठा और प्रेरक दृश्य देखने को मिला। आमतौर पर जनसुनवाई में नागरिक अपनी शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचते हैं, लेकिन आज कुछ किसान अपनी समस्या नहीं बल्कि समाधान के प्रति आभार व्यक्त करने पहुंचे थे।**






इंदौर जिले के सांवेर क्षेत्र से आए किसानों ने कलेक्टर श्री शिवम वर्मा का साफा पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया। किसानों ने बताया कि हाल ही में सांवेर कृषि उपज मंडी में कलेक्टर श्री वर्मा द्वारा उनकी समस्याओं का तत्परता से निराकरण किया गया था, जिसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करने विशेष रूप से आए थे। किसान श्री पदम सिंह सोलंकी और विक्रम सिंह सोलंकी ने बताया कि विगत दिनों कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने सांवेर कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान अनेक समस्याएं सामने आई थी, जिनमें मंडी प्रांगण में स्वच्छता नहीं होने, किसानों के लिए रियायती दर पर भोजन की अनुउपलब्धता, विश्राम गृह में व्यवस्था नहीं होने, आरओ प्लांट बंद होने की समस्या शामिल थी। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने त्वरित निराकरण करते हुए मंडी प्रांगण की सफाई कराई। किसानों के लिए 5 रुपये की रियायती दर पर भोजन व्यवस्था शुरू करवाई। विश्राम गृह में किसानों के रूकने की व्यवस्था शुरू की गई। साथ ही शुद्ध पेयजल के लिए आरओ प्लांट शुरू करवाया गया। किसानों की मांग पर खरीदी का समय भी बढ़ाया गया। किसान कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की कार्यप्रणाली और तत्परता से अभिभूत हुए और आज वे अभिनंदन करने जनसुनवाई में आए।

जनसुनवाई में 250 से अधिक नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, सभी अपर कलेक्टरों श्री नवजीवन विजय पंवार, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य, जिला पंचायत के कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन तथा अन्य विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनमें से अनेक मामलों का हाथों-हाथ निराकरण किया। आज जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन पारिवारिक विवाद, मकान पर कब्जे, प्लॉट नहीं मिलने और रास्ता विवाद आदि के प्राप्त किए गए।

# जिले में बढ़ेगा प्राकृतिक खेती का रकबा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। जिले में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके तहत जिले में प्राकृतिक खेती का रकबा बढ़ाया जाएगा और उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के साथ ही किसानों को उनके उत्पाद की मार्केटिंग और ब्रांडिंग में भी मदद दी जाएगी।

इस उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में कृषि विभाग, संबंधित संस्थाओं और प्राकृतिक खेती करने वाले प्रगतिशील किसानों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित अन्य अधिकारी और किसान उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से उनके अनुभव साझा किये। उन्होंने किसानों द्वारा किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राकृतिक खेती अपनाने वाले किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर दिया जाए तथा आवश्यकतानुसार उन्हें प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाए।

# सखी - बहिनपा मैथिलानी समूह, इन्दौर इकाई ने पूरे परंपरागत तरीके से मनाया सामा चकेवा पर्व

● मिथिला की लोकसंस्कृति और प्रेम का प्रतीक है ये पर्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सखी - बहिनपा मैथिलानी समूह, इन्दौर इकाई द्वारा मिथिला की लोकसंस्कृति और प्रेम के प्रतीक - सामा चकेवा पर्व को मेघदूत गार्डन में बहुत धूमधाम से मनाया गया।**



इस दौरान सखी - बहिनपा मैथिलानी समूह, इन्दौर इकाई की अध्यक्ष श्रीमती आरती झा और उनके समूह ने इस पारंपरिक पर्व के बारें में बताया कि, ये सामा-चकेवा बिहार के मिथिला क्षेत्र का एक प्रमुख लोकपर्व है, जो छठ पूजा के तुरंत बाद, यानी कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी से आरंभ होकर कार्तिक पूर्णिमा तक मनाया जाता है। पूर्णिमा की रात को सामा और चकेवा की मिट्टी की मूर्तियों को नदी या तालाब में विसर्जन कर विदाई दी जाती है।

इस पर्व की उत्पत्ति भगवान श्रीकृष्ण की पुत्री सामा और उनके भाई चकेवा से जुड़ी एक लोककथा से मानी जाती है। कथा के अनुसार, जब सामा पर झूठा आरोप लगाकर उन्हें अन्याय का सामना करना पड़ा, तब उनके भाई चकेवा ने उन्हें न्याय दिलाया। इसी भाई-बहन के प्रेम और निष्ठा की स्मृति में यह पर्व मनाया जाता है।

इंदौर में रहने वाले इन मैथिलानियों के ग्रुप ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लेकर परंपरागत रूप से मिट्टी से सुंदर मूर्तियाँ – सामा, चकेवा, सुग्गा, डमरू, आटा चक्की आदि – बनाती हैं और उन्हें सूप में सजाकर पूजा की और सामूहिक रूप से लोकगीत गाकर धूमधाम से मनाया।

सामा-चकेवा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि यह मिथिला की जीवंत लोकसंस्कृति, परिवारिक स्नेह, और समाज में भाईचारे की भावना का प्रतीक है।

# दानपेटी से रुपए चोरी किए...



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। एक शिव मंदिर में दर्शन करने आए एक शख्स ने दानपेटी से रुपए चोरी किए हैं। मंदिर के सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई। घटना सोमवार को सयाजी चौक के पास स्थित शिव मंदिर की है। पुलिस को सूचना मिलने पर मंगलवार को आरोपी को पकड़ लिया गया है। विजयनगर पुलिस के अनुसार, दर्शन के दौरान युवक ने दानपेटी तोड़कर चोरी की। शाम को गणेश कालदाते, निवासी भमोरी, जब मंदिर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दानपेटी का ताला टूटा हुआ था। मंदिर के सीसीटीवी फुटेज जांचने पर आरोपी चोरी करते हुए दिखाई दिया। गणेश ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी की पहचान राजीव पुत्र रामरतन चौहान, निवासी मेघदूत नगर, के रूप में की और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, आरोपी इलाके में आवारागर्दी करता है और उस पर पहले भी चोरी की धाराओं में मामला दर्ज है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सयाजी चौक पर यह सार्वजनिक मंदिर है और पहले कभी ऐसी घटना नहीं हुई थी। सुरक्षा के लिए मंदिर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरी का खुलासा और आरोपी की पहचान संभव हुई।

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**

# पत्नी सोनम ने खुद साफ किया था खून से सना हथियार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। यह बात सामने आई है कि राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी ने खुद हत्या में इस्तेमाल किए हथियार पर लगे खून को साफ किया था। राजा की हत्या के बाद सोनम ने सबूत मिटाने के लिए खून से सने हथियार को आसपास उगी जंगली घास से साफ किया था।**





हालांकि, राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है। बता दें कि पुलिस और न्यायिक जांच में यह बात साबित हुई है कि राजा की हत्या उसकी पत्नी सोनम ने राज कुशवाह के साथ मिलकर करवाई थी। मामले में शिलॉन्ग पुलिस सबूत मिटाने में शामिल तीन आरोपियों शिलोम जेम्स, लोकेन्द्र तोमर और बलवीर अहिरवार के खिलाफ दूसरी चार्जशीट दाखिल करने की तैयारी में है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राजा की धारदार हथियार से हत्या करने के बाद सोनम ने न तो कपड़े से और न ही कागज से, बल्कि आसपास उगी जंगली घास से हथियार को साफ किया था और उसी हथियार से राजा का मोबाइल भी तोड़ दिया था ताकि उसकी लोकेशन ट्रेस न हो सके। इस मामले में राजा के भाई विपिन रघुवंशी का कहना है कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि हत्या के बाद किसने हथियार को साफ किया। हालांकि उन्होंने बताया कि वे आगामी कुछ दिनों में गवाही के लिए शिलॉग जाने वाले हैं। इंदौर निवासी ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की सोनम से शादी इसी साल 11 मई को हुई थी। इसके बाद अपनी पत्नी सोनम रघुवंशी के साथ इसी साल 21 मई को हनीमून मनाने के लिए मेघालय के शिलॉन्ग गए थे। जहां वो 23 मई को हनीमून के दौरान लापता हो गए थे। 10 दिन बाद पुलिस ने 30 फीट गहरी खाई से राजा का क्षत-विक्षत शव बरामद किया, जिस पर धारदार हथियार से किए गए कई घाव थे। सोनम तब लापता थी। इसके बाद यूपी में उसने सरेंडर किया था। उससे पूछताछ के बाद आकाश, आनंद और विशाल को पकड़ा था। सोनम के राज कुशवाहा से प्रेम सबंध थे। हालांकि उसके परिवार ने इस बात से इनकार किया था। पत्नी सोनम राजा को दर्शनीय स्थलों की सैर के बहाने एक सुदूर स्थान पर बुलाकर ले गई थी। उनके पीछे अन्य तीनों हत्या के आरोपी भी चले गए थे। फिर दो छुरों से वार कर उसकी हत्या कर दी, जिनमें से एक छुरा बाद में जंगल से बरामद किया गया।

**फास्ट फूड पर जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई**

# मोमोस में मिला रहे थे अजिनोमोटो

## बिना वैध अनुज्ञप्ति के चल रही मोमोस की फैक्ट्री आगामी आदेश तक की गई बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में इंदौर में फूड एंड ड्रग लैब के उद्घाटन अवसर पर मिलावटखोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। उन्हीं निर्देशों के अनुपालन में आज कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में जिला प्रशासन, खाद्य औषधि प्रशासन विभाग की टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए खातीपुरा में संचालित चिंटू मोमो का औचक निरीक्षण किया गया।**



उक्त प्रतिष्ठान के प्रोपराईटर दीपक चौरे होना बताया गया। परिसर में विभिन्न प्रकार के मोमोस बनाये जा रहे थे, जो कि इंदौर शहर में विभिन्न फ़ास्ट फ़ूड संचालकों को सप्लाई किये जाते हैं। परिसर में गंदगी पाई गई, रॉ मटेरियल का भंडारण उचित नहीं पाया गया, परिसर में अजिनो मोटो संग्रहित पाया गया। मौके पर उपस्थित प्रभारी वर्षा खराटे ने बताया कि उक्त अजिनोमोटो मोमोस में डाला जाता है। परिसर में खाद्य पदार्थ निर्माण हेतु आवश्यक वैध अनुज्ञप्ति नहीं पाई गई। परिसर में तैयार रखे 04 प्रकार के मोमोस, मोमोस में प्रयुक्त मसाला, अजीनोमोटो, तंदूरी मसाला एवं चीज़ के कुल 07 नमूने लिए गए तथा लगभग 150 किलोग्राम खाद्य पदार्थ जब्त किया गया। परिसर में संग्रहित बड़ी मात्रा में अजीनोमोटो से यह स्पष्ट है कि खाद्य पदार्थों में तय सीमा से अधिक अजीनोमोटो का उपयोग किया जा रहा है, जो की 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। वैध अनुज्ञप्ति न होने की स्थिति में तथा छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए परिसर में खाद्य कारोबार को तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया एवं फैक्ट्री तत्काल प्रभाव से बंद कराई गई। एक अन्य टीम की कार्यवाही में तहसीलदार योगेश मेश्राम के साथ टीम ने इंदौर बायपास स्थित पपाया ट्री रेस्टोरेंट से पनीर एवं चना दाल के नमूने लिए गए। जुरू रेस्टोरेंट बायपास से पनीर, पनीर लबाबदार एवं सेवइयां के नमूने लिए गए। साथ ही राउ स्थित यूडब्लयूसी फूड प्राइवेट लिमिटेड जहां पर चिप्स का निर्माण एवं संग्रहण किया जाना पाया, से चिप्स एवं आलू पाउडर के नमूने लिए गए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। लिए गए सभी नमूनों को विस्तृत जाँच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# पत्नी-बेटी के साथ इंदौर कलेक्टर से लगाई गुहार

## DAVV के पूर्व कुलपति बोले-बेटा करता है मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। पारिवारिक विवाद अब आम से लेकर बड़े लोगों के परिवारों में भी होने लगे हैं। ऐसा ही मामला मंगलवार को कलेक्टर की जनसुनवाई में सामने आया। जनसुनवाई में देवी अहिल्या विवि (DAVV) के पूर्व कुलपति नरेंद्र धाकड़ व्हील चेयर पर पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी और बेटी भी थी। उन्होंने कलेक्टर शिवम वर्मा से मुलाकात करते हुए अपनी समस्या बताई और कहा कि मेरी समस्या हल कीजिए।



पूर्व कुलपति नरेंद्र धाकड़ ने अपने ही बेटे के खिलाफ आवेदन दिया है। पूर्व कुलपति नरेन्द्र धाकड़ का कहना है उनका बेटा उनके साथ मारपीट करता है और उन्हें घर से बाहर निकाल देता है। कुछ दिनों पहले विरोध करने पर बेटे ने उनका मोबाइल भी रख लिया है। कलेक्टर ने उनकी शिकायत को सुना और विवाद को बैठकर सुलझाने का आश्वासन दिया है। उनका कहना है कि दोनों पक्षों को बैठकर समझाया जाएगा। इसके बाद भी कोई हल नहीं निकलेगा तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जनसुनवाई में सांवेर क्षेत्र से आए किसानों ने कलेक्टर शिवम वर्मा का साफा पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत-अभिनंदन किया। किसानों ने बताया कि हाल ही में सांवेर कृषि उपज मंडी में कलेक्टर वर्मा द्वारा उनकी समस्याओं का तत्परता से निराकरण किया गया था, जिसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करने विशेष रूप से आए थे। जनसुनवाई में आज 250 से अधिक नागरिकों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन दिए।

कलेक्टर सहित विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनमें से अनेक मामलों का हाथों-हाथ निराकरण किया।जनसुनवाई में अधिकांश आवेदन पारिवारिक विवाद, मकान पर कब्जे, प्लॉट नहीं मिलने और रास्ता विवाद आदि थे।

# महिलाओं को रोजगार और शिक्षा से ही विकसित बनेगा भारत

## ● विकसित भारत विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में सशक्तिकरण की प्रक्रिया यदि समाज के सभी वर्गों तक समान रूप से नहीं पहुँचेगी, तो आर्थिक विकास दर का लाभ आमजन तक नहीं पहुँच पाएगा।यह बात विकसित भारत विषय पर आयोजित विशेष व्याख्यान में मुख्य वक्ता प्रो. अमरकांत कौशिक (सीनियर एडवाइजऱ, डेलॉइट, नई दिल्ली एवं प्रोफेसर, एलएसई यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली) ने अपने उद्बोधन में कही।

अवसर था आईपीएस अकादमी के इंस्टिट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट एंड रिसर्च द्वारा आयोजित कार्यक्रम का। प्रो. कौशिक ने महिलाओं की स्थिति पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा एवं रोजगार में सहभागिता बढ़ाना और उन्हें नीति-निर्माण स्तर पर समान अवसर प्रदान करना, विकसित भारत की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक सिंह कुशवाह ने कहा कि ऐसे शैक्षिक व्याख्यान विद्यार्थियों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं तथा सामाजिक समस्याओं को गहराई से समझने और समाधान की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करते हैं। यह कार्यक्रम इंस्टीट्यूट की कल्चरल कमेटी द्वारा आयोजित किया गया, जिसका संचालन डॉ. एस.पी. त्रिपाठी एवं डॉ. गिरीश मेहरा ने किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. मृदुला सेन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# शिक्षण कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध होगी कठोर कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा केन्द्र समग्र शिक्षा अभियान की विभागीय समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत किये जा रहे विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षक बच्चों के मार्गदर्शक और भविष्य निर्माता है। इसलिए वे स्कूली पाठ्यक्रम समय पर पूरा करायें। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। समय पर परीक्षाएं सम्पन्न कराएं। जो विद्यार्थी पढ़ाई में कमजोर है, उनके लिये अतिरिक्त रेमेडियल कक्षाएं सुनिश्चित करें। मेरिट में आने वाले प्रतिभाशाली छात्रों के लिए भी अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था करें। विद्यालयों में लैबोरेटरी को आधुनिक बनाया जाये। लायब्रेरी को अपडेट किया जाये। विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ विज्ञान से भी जोड़ा जाये। स्कूलों में आँखों की जाँच के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जायें। पात्र विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें, साइकिल, छात्रवृत्ति, लैपटाप आदि का वितरण निर्धारित समय पर किया जाये।

### सालभर जेल में रहा बेगुनाह, कलेक्टर पर 2 लाख जुर्माना

**जबलपुर**। हाईकोर्ट ने शहडोल कलेक्टर पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने अपराधी के बजाय एक बेगुनाह युवक के नाम पर एनएसए (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) का आदेश जारी किया था। इसके चलते युवक को एक साल से ज्यादा समय जेल में गुजारना पड़ा। मामला शहडोल में रहने वाले सुशांत बैस से जुड़ा है। सुशांत के पिता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इसके बाद सच सामने आया और बेगुनाह युवक जेल से बाहर आ सका। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस एके सिंह की बेंच ने मामले में जांच के आदेश दिए है। साथ ही कहा है कि कलेक्टर को यह राशि अपनी जेब से देनी होगी।

### करंट लगने से दो लोगों की मौत

**गुना**। जिले के फतेहगढ़ इलाके के लालोनी गांव में सोमवार को खेत में पानी दे रहे किसान और एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। दोनों खेत में लगी तार फेंसिंग में फैले करंट की चपेट में आ गए। शाम को जब घरवाले खेत पर पहुंचे, तब इस हादसे का पता लगा। मृतक किसान रामप्रसाद मीणा (70) और मजदूर देवेंद्र सहरिया (30) हैं।

### स्केटिंग में गुना के जयतिक ने जीता सिल्वर मेडल

**गुना**। मध्यप्रदेश रोलर स्केटिंग संघ द्वारा इंदौर में आयोजित 30वीं राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में गुना के खिलाड़ी जयतिक पाटीदार ने स्पेशल कैटेगरी में रजत पदक (सिल्वर मेडल) जीता है। इस जीत के साथ, उनका चयन अब दिसंबर में विशाखापट्टनम में होने वाली 63वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। रोलर स्केटिंग कोच ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से 620 स्केटिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिनमें गुना जिले के 13 खिलाड़ी शामिल हुए। स्पेशल चाइल्ड जयतिक पाटीदार ने स्पेशल कैटेगरी में 8 से 10 वर्ष के एज ग्रुप में रजत पदक प्राप्त किया।

### ज्यादा बिजली दी तो सबकी सैलरी कटेगी

**भोपाल**। बेमौसम बारिश से मध्यप्रदेश में फसलें बर्बाद हो गईं। इससे किसानों को बड़ा नुकसान हुआ है। अब बिजली विभाग ने किसानों को नई परेशानी में डाल दिया। बिजली विभाग ने आदेश जारी कर कहा कि किसानों को एक दिन में 10 घंटे से ज्यादा बिजली दी तो ऑपरेटर की सैलरी कटेगी। यानी खेत सूखे रहें या किसान भूखे, बिजली अब टाइम टेबल से मिलेगी। ये आदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के चीफ जनरल मैनेजर एके जैन ने निकाला है। इसकी कॉपी भोपाल और ग्वालियर के साथ सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, रायसेन, हरदा, विदिशा, अशोकनगर, गुना, भिंड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी और दतिया के महाप्रबंधकों को भेजी गई है।

### ब्रेस्ट का भारी वजन बढ़ा रहा पीठ दर्द

**भोपाल**। पीठ और गर्दन का दर्द, बार-बार थकान और भारीपन के एहसास को कई महिलाएं सामान्य समझकर सालों तक नजरअंदाज करती हैं। लेकिन अब डॉक्टर बता रहे हैं कि इसके पीछे की वजह ब्रेस्ट हाइपर ट्रॉफी यानी ब्रेस्ट का असामान्य रूप से बड़ा होना भी है। एम्स भोपाल के बर्न एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग में पिछले एक साल में 246 महिलाओं ने ब्रेस्ट से जुड़ी सर्जरी कराई हैं, जिनमें से 23.5% यानी 57 महिलाओं की ब्रेस्ट रिडक्शन सर्जरी हुई।

# मुख्यमंत्री ने महिला क्रिकेट खिलाड़ी क्रांति गौड़ को वीडियो कॉल कर दी शुभकामनाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईसीसी महिला क्रिकेट-2025 विश्व विजेता भारतीय टीम की खिलाड़ी और मध्यप्रदेश की गौरव सुश्री क्रांति गौड़ से वीडियो कॉल पर चर्चा की और अभूतपूर्व जीत की बधाई दी। वर्ल्ड कप के विभिन्न मैचों में छतरपुर की बेटी क्रांति गौड़ ने सटीक और धारदार गेंदबाजी से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं और खिलाड़ियों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की बेटियों ने वन-डे विश्व कप जीत कर इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रांति को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के मैदान में नई क्रांति का सूत्रपात किया है। पूरे देश और प्रदेशवासियों को विश्व विजेता बनीं बेटियों पर गर्व है। इस उपलब्धि में प्रदेश की बेटी की महत्वपूर्ण भूमिका से इस जीत का आनंद और बढ़ जाता है। क्रिकेट में मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने वाली क्रांति गौड़ को जल्द ही एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की उभरती क्रिकेट स्टार क्रांति गौड़ के खेल की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अपनी लगन और परिश्रम से बेटिया निरंतर आगे बढ़ती रहें और प्रदेश का नाम रोशन करें। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल में भारत की शानदार जीत की बधाई देते हुए मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के ग्राम घुवारा की महिला क्रिकेट खिलाड़ी क्रांति गौड़ से फोन पर बात की। उन्होंने क्रांति गौड़ को जीत की बधाई देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है जब हमारी बेटियों ने पूरे विश्व में अपने देश व अपने बुंदेलखंड का नाम रोशन किया। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि जब क्रांति गौड़ लौटकर आएंगी तो उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। क्रांति गौड़ ने धन्यवाद प्रेषित करते हुए कहा कि मुझे भी बहुत अच्छा लग रहा है कि हमारे बुंदेलखंड का नाम विश्व में रोशन हुआ है। हम सभी बहुत खुश हैं कि सभी खिलाड़ियों की मेहनत से भारत ने महिला विश्व कप जीतकर नया इतिहास रचा है।

## लम्पी वायरस से बचाव के लिए पशुओं का कराएं टीकाकरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**भोपाल, एजेंसी**। प्रदेश के झाबुआ, रतलाम, बैतूल, बड़वानी, सिवनी, सागर एवं भोपाल जिलों से पशुओं में लम्पी स्किन डिसीज की जानकारी मिली है। इस संबंध में पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी वायरस से बचाव एवं रोगग्रस्त पशुओं के उपचार के संबंध में एडवाइजरी जारी की है। संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पी. एस. पटेल ने बताया कि इस रोग से बचाव के लिए पशुओं को प्रतिबंधात्मक टीका अवश्य लगवाएं।

पशुपालक अपने पशुओं में लम्पी स्किन डिसीज के लक्षण दिखाई देने पर निकटतम पशु औषधालय/पशु चिकित्सालय से तत्काल संपर्क कर बीमार पशुओं का उपचार कराएं। स्वस्थ पशुओं को बीमार पशुओं से अलग रखें। स्वस्थ पशुओं का टीकाकरण कराएं। पशु रखने के स्थान की सफाई रखें एवं पशुओं के शरीर पर परजीवी जैसे किल्ली, मक्खी, मच्छर आदि को नियंत्रित करने के उपाय करें। डॉ. पटेल ने बताया कि पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी वायरस की चुनौती से निपटने के लिए हर संभव उपाय किए जा रहे हैं। संक्रमण से बचाव के लिए टीकों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, मुफ्त टीकाकरण किया जा रहा है एवं पशु पालकों को रोग से बचाव के संबंध में आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है। प्रदेश में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा माह अप्रेल 2025 से कुल 41.5 लाख पशुओं को एल.एस.डी. रोग प्रतिबंधात्मक टीका लगवाया जा चुका है। मुफ्त टीकाकरण कार्य निरंतर जारी है।

### राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम

पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी स्किन बीमारी की रोकथाम एवं निगरानी हेतु भोपाल में राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष नंबर- 0755-2767583 है। कोई भी पशुपालक इस पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। संचालनालय स्तर से जिलों के समस्त अधिकारियों को रोग के प्रति सजग रहने एवं केन्द्र सरकार की गाइड लाइन का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया है।

## 16 नगर पालिक निगम के आयुक्तों को बनाया अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के 16 नगर पालिक निगम आयुक्तों को अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया है। इस संबंध में आयोग द्वारा निर्देश भी जारी किए गए हैं।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने बताया कि प्रदेश की 16 नगर पालिक निगम भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, मुरैना, रीवा, सतना, सिंगरौली, सागर, उज्जैन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, रतलाम, कटनी और छिंदवाड़ा के आयुक्त को विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 की अवधि के लिए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाया गया है।

श्री झा ने बताया कि प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 का कार्य शुरू हो गया है। ऐसे में अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी बनाए गए नगर पालिक निगम के आयुक्त एसआईआर में सहयोग करेंगे। उनकी नियुक्ति पदाधिकारी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 13सीसी के अंतर्गत की गई है।

## प्रदेश में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या समाधान क्षमता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए केन्द्र सरकार के निर्देश पर सरकारी स्कूल के कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिये गणित और विज्ञान विषय में ओलंपियाड का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय के सेकेण्डरी एजुकेशन विंग ने जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देश जारी किए हैं।

ओलंपियाड में प्रत्येक विषय में 5 विद्यार्थी चयनित होंगे। गणित और विज्ञान मिलाकर कुल 10 विद्यार्थियों का चयन होगा। प्रत्येक विषय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 2 सांत्वना पुरस्कार होंगे। प्रथम पुरस्कार स्वरूप 51 हजार रूपये, द्वितीय 31 हजार और तृतीय के लिये 21 हजार रूपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी जायेगी। दो सांत्वना पुरस्कार 11-11 हजार रूपये के होंगे। ओलंपियाड परीक्षाएं विकासखंड और संभागीय मुख्यालयों पर होगी। विद्यार्थी गणित या विज्ञान किसी एक विषय में अथवा दोनों विषय में भाग ले सकता है। प्रथम परीक्षा का आयोजन विकासखंड मुख्यालय पर किया जायेगा। द्वितीय परीक्षा संभागीय स्तर पर आयोजित होगी। ओलंपियाड में भाग लेने विद्यार्थी की प्रविष्टि विद्यालय के प्राचार्य द्वारा 10 नवम्बर तक विमर्श पोर्टल पर प्राचार्य द्वारा की जायेगी। प्रतियोगिता से संबंधित सभी जानकारी सरकारी स्कूलों के हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों को भेजी गई है।

## पेपर कप में चाय पीने से फैल रहा कैंसर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। यदि आप रोजाना पेपर कप में चाय या कॉफी पीते हैं, तो यह आपको कैंसर का रोगी बना सकता है। इतना ही नहीं, इससे हार्मोन से जुड़ी समस्या होने का खतरा भी रहता है। आईआईटी खड़गपुर के शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि डिस्पोजेबल पेपर कप में डाली गई गर्म चाय या कॉफी मात्र 15 मिनट में कप की अंदरूनी परत से 25,000 माइक्रो प्लास्टिक कण छोड़ देती है। विशेषज्ञों के अनुसार, एक व्यक्ति जो दिन में तीन कप चाय पीता है, वह हर दिन लगभग 75,000 सूक्ष्म प्लास्टिक कण निगल रहा है। जो न केवल शरीर के लिए हानिकारक हैं, बल्कि कैंसर, हार्मोनल और नर्वस सिस्टम से जुड़ी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। इस रिसर्च के सामने आने के बाद भोपाल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे मिट्टी (कुल्हड़), स्टील या कांच के कप का इस्तेमाल करें और अपनी सेहत को इन 'साइलेंट टॉक्सिन्स' से बचाएं।


## संपादकीय

# द्रोन क्षमता विकसित करने के लिए स्वदेशी नवाचार को केंद्र में रखा गया

भारतीय सेना ने भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए तैयार अत्याधुनिक ड्रोन सिस्टम विकसित किए हैं। ये ड्रोन बेहद घातक मारक क्षमता से लैस हैं। वहीं, सेना ने निगरानी ड्रोन भी विकसित किए हैं। सेना युद्धाभ्यास 'त्रिशूल' के दौरान इन ड्रोन सिस्टम्स का इस्तेमाल कर रही है। दरअसल, भारतीय सेना भविष्य के युद्धों को परिभाषित करने वाली प्रौद्योगिकियों पर काम कर रही है। भविष्य के युद्धों को ध्यान में रखते हुए सेना ने ड्रोन क्षमता में यह उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। यह कामयाबी आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप है व ड्रोन क्षमता विकसित करने के लिए स्वदेशी नवाचार को केंद्र में रखा गया है। सेना ईगल ऑन एवरी आर्म (हर भुजा पर गरुड़) के मंत्र से प्रेरित होकर युद्धक ड्रोन विकसित कर रही है। सेना की दक्षिणी कमान ने युद्धक ड्रोन के डिजाइन, विकास और बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए एक सशक्त इन-हाउस इकोसिस्टम तैयार किया है। इस इकोसिस्टम में आत्मनिर्भरता की भावना को वास्तविक सैन्य शक्ति में रूपांतरित किया जा रहा है। कॉर्प्स ऑफ ईएमई (इलेक्ट्रिकल एंड मकैनिकल इंजीनियर्स) की तकनीकी दक्षता और भारत के एमएसएमई भागीदारों के सहयोग से, दक्षिणी कमान के ड्रोन हब्स ने अगली पीढ़ी के मानवरहित हवाई तंत्र विकसित किए हैं। ये अत्याधुनिक ड्रोन निगरानी, सटीक प्रहार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध की भूमिकाओं के लिए अनुकूलित किए गए हैं। सेना के मुताबिक, इन स्वदेशी ड्रोन प्रणालियों का फील्ड परीक्षण हाल ही में आयोजित त्रि-सेवा अभ्यास 'एक्सरसाइज त्रिशूल' के दौरान भी किया गया। एक्सरसाइज त्रिशूल में इन ड्रोन प्रणालियों ने असाधारण सटीकता, सहनशीलता और मिशन फ्लेक्सिबिलिटी प्रदर्शित की है। यह प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि भारतीय सेना अब पूरी तरह से स्वदेशी प्रौद्योगिकी को अपने ऑपरेशनल फ्रेमवर्क में शामिल करने की दिशा में निर्णायक कदम उठा चुकी है। इन ड्रोन प्रणालियों की सफल वैलिडेशन ने भारतीय सेना की 'टेक इनेबल, फ्यूचर रेडी फोर्स' बनने की यात्रा में एक नया अध्याय जोड़ा है। दक्षिणी कमान अब केवल तकनीकी नवाचार तक सीमित नहीं है, बल्कि देशी रक्षा उद्योगों के साथ साझेदारी, सैन्य नवाचार प्रयोगशालाओं और रणनीतिक अनुप्रयोगों के माध्यम से एकीकृत दृष्टिकोण अपना रही है। दक्षिणी कमान की यह पहल न केवल सेना के तकनीकी आधुनिकीकरण का प्रतीक है, बल्कि यह भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम भी है। यह प्रयास सुनिश्चित करता है कि भारत आने वाले वर्षों में ड्रोन युद्धक क्षमता, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और नेटवर्क-सेंट्रिक ऑपरेशंस में वैश्विक स्तर पर अग्रणी बने। वहीं, सेना में प्रत्येक सैनिक को प्रौद्योगिकी की शक्ति से सशक्त बनाना है। भारतीय सेना का यह स्वदेशी ड्रोन कार्यक्रम अब भारत को उस दिशा में अग्रसर कर रहा है, जहां प्रौद्योगिकी, नवाचार और आत्मनिर्भरता एक साथ मिलकर एक सशक्त, सजग और भविष्य-तैयार सेना का निर्माण कर रहे हैं।

## OSHO कहिन

**"आप जितना अधिक खुले दिल से जिएंगे, उतनी ही ज्यादा खुशी महसूस करेंगे।"**



## महिला जगत

# अरुणाचल की तेनजिन यांग्की बनीं पहली महिला आईपीएस

## जानिए उनकी प्रेरणादायक कहानी

एक पूर्व शिक्षाविद और सिविल सर्वेंट के रूप में अपना करियर शुरू करने वाली तेनजिन यांग्की अब बनी हैं अरुणाचल प्रदेश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी। यह न सिर्फ राज्य बल्कि पूरे उत्तर-पूर्व के लिए गर्व का क्षण है। तेनजिन यांग्की ने अपनी मेहनत, लगन और समर्पण से साबित किया कि महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। पहले उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों को दिशा दी और अब अपने नए रोल में कानून व्यवस्था और समाज की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने न सिर्फ महिलाओं के लिए एक मिसाल कायम की है बल्कि यह भी बताया कि उम्र या पृष्ठभूमि कभी बाधा नहीं बन सकती अगर संकल्प मजबूत हो।



### ● शिक्षा से शुरुआत, सेवा तक का सफर

तेनजिन यांग्की का सफर साधारण नहीं रहा। उनकी जड़ें अरुणाचल की पर्वतीय संस्कृति में गहराई से जुड़ी हैं। उन्होंने अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद शिक्षा क्षेत्र में कदम रखा और एक एकेडमिक प्रोफेशनल के रूप में कई युवाओं को शिक्षित किया। वह जानती थीं कि शिक्षा ही असली बदलाव की कुंजी है। लेकिन यहीं से उनके भीतर एक नया सपना आकार लेने लगा, सिर्फ ज्ञान नहीं, समाज की सुरक्षा और न्याय की जिम्मेदारी भी उठाना।

### ● UPSC में सफलता और इतिहास रचने की उपलब्धि

तेनज़िन यांग्की ने अपनी नौकरी के साथ-साथ UPSC की तैयारी की। कठिन प्रतियोगिता, सीमित संसाधन और सामाजिक अपेक्षाओं के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। अपनी मेहनत और आत्मविश्वास से उन्होंने भारतीय पुलिस सेवा (IPS) में जगह बनाई। उनकी यह उपलब्धि अरुणाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसी महिला का IPS बनना है, जो राज्य की महिलाओं के लिए गर्व और प्रेरणा दोनों है।

### ● तेनजिन यांग्की बनीं महिलाओं के लिए रोल मॉडल

तेनज़िन यांग्की न केवल सफलता की कहानी हैं, बल्कि उस सोच का प्रतीक हैं जो कहती है, "महिलाएं केवल घर की जिम्मेदार नहीं, समाज की भी संरक्षक बन सकती हैं।" उनकी कहानी ग्रामीण और पहाड़ी इलाकों की उन बेटियों को संदेश देती है जो आज भी संसाधनों की कमी या परंपरागत सोच के कारण पीछे रह जाती हैं। वह बताती हैं कि चाहे आप किसी भी पृष्ठभूमि से हों, लगन, अनुशासन और आत्मविश्वास से हर मंज़िल हासिल की जा सकती है।

एक अधिकारी के रूप में तेनज़िन यांग्की का नजरिया सिर्फ कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं है। वह महिलाओं की सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा और युवाओं के सशक्तिकरण को लेकर भी बेहद सजग हैं। उनका मानना है कि "एक सशक्त समाज की नींव शिक्षित और सुरक्षित नागरिकों से ही रखी जाती है।"

## Bihar

# बिहार चुनाव के बीच गोपालगंज में JDU-कांग्रेस समर्थकों में झड़प, चाकूबाजी में एक घायल

**गोपालगंज, (एजेंसी)** बिहार चुनाव के बीच अलग-अलग जगहों से हिंसा की भी खबरें आ रही हैं। पटना के मोकामा में हाल ही में जनसुराज के जन समर्थक पार्टी दुलारचंद यादव की हत्या कर दी गई थी। अब गोपालगंज में जदयू औऱ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हुई है। इस मारपीट में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जदयू उम्मीदवार अमरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू पांडेय और कांग्रेस उम्मीदवार हरिनारायण कुशवाहा के समर्थक भिड़ गए। गोपालपुर इलाके में यह झड़प हुई है। इस हिंसा में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती



कराया गया है। हरिनारायण कुशवाहा के समर्थक अनूप कुशवाहा ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई थी।

कुछ मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि कुचायकोट विधानसभा क्षेत्र में हुई इस झड़प के दौरान दोनों ही दलों के कार्यकर्ता वहाँ मौजूद नहीं थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झंडा फाड़ने और मारपीट करने की शिकायत दर्ज करवाई है। जदयू की तरफ से भी थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है।

इधर इस झड़प में घायल कांग्रेस कार्यकर्ता अनूप कुशवाहा ने कहा कि वो लोग रास्ता मांग रहे थे। हमलोगों ने रास्ता दिया। लेकिन रास्ते देने के बाद भी उनलोगों ने एक महिला को बढ़ावा दिया। इसके बाद वो महिला आई और हमलोगों के झंडे को तोड़ने लगीं।

## New Delhi

# भारत की जिस मिसाइल ने पाकिस्तान में मचाई तबाही, उसे खरीदने जा रहा सबसे बड़ा मुस्लिम देश




**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिण एशिया के सबसे घातक हथियारों में शुमार ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में खूब तबाही मचाई थी। मई में भारतीय वायुसेना ने इस सुपरसोनिक मिसाइल का इस्तेमाल कर पाकिस्तानी एयरबेस पर हमला किया, जिससे दुश्मन की हवाई क्षमता ध्वस्त हो गई। अब इसी मिसाइल को दुनिया के सबसे बड़े मुस्लिम बहुल देश इंडोनेशिया ने खरीदने का फैसला किया है। लगभग 45 करोड़ डॉलर की इस डील से इंडोनेशिया न केवल अपनी नौसेना को मजबूत करेगा, बल्कि दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता का मुकाबला करने में भी सक्षम हो जाएगा। यह डील भारत की रक्षा निर्यात क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाली है। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और इंडोनेशिया के बीच ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सौदे पर जल्द ही हस्ताक्षर हो सकते हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि वार्ता की लगभग सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं और अब केवल रूसी पक्ष से अंतिम स्वीकृति का इंतजार है, जिसके बाद कॉन्ट्रैक्ट पर साइन किए जा सकेंगे। भारत और इंडोनेशिया के बीच यह सौदा लंबे समय से चर्चा में है। इस वर्ष जनवरी में इंडोनेशिया के शीर्ष राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व की नई दिल्ली यात्रा के दौरान इस मुद्दे पर विस्तार से बातचीत हुई थी। भारत पहले ही ब्रह्मोस मिसाइलों की बिक्री फिलीपींस को कर चुका है।

## Chhattisgarh

# खड़ी मालगाड़ी से टकराई पैसेंजर ट्रेन,7 की मौत

**बिलासपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में मंगलवार को कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार



टक्कर हुई। बिलासपुर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने 7 लोगों की मौत की पुष्टि की है, 2 लोग बोगी के अंदर फंसे हैं। वहीं 15-20 लोग घायल हैं। इनमें बच्चे भी शामिल हैं। हादसा गटौरा स्टेशन के लाल खदान के पास हुआ है। रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर मौजूद हैं। रेस्क्यू टीम ने अब तक कई यात्रियों को बोगी से सुरक्षित निकाल लिया है। पैसेंजर ट्रेन की बोगी को गैस कटर से काटा जा रहा है। बताया जा रहा है कि इसी बोगी में महिलाएं और बच्चे फंसे हुए हैं, जिन्हें निकाला जाएगा। कोरबा से बिलासपुर रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप कर दिया गया है। आजाद हिंद एक्सप्रेस, हीराकुंड एक्सप्रेस, बिलासपुर-टाटा एक्सप्रेस, अमरकंटक एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों का समय 4-5 घंटे देरी से चल रहा है। रेलवे ने मृतकों के परिजनों को 10 लाख और घायलों को 5 लाख मुआवजे का ऐलान किया है।

## Uttarakhand

# आपत्ति मदरसा शब्द से नहीं, आतंक की फैक्ट्री चलने से है, उत्तराखंड CM धामी की दो टूक

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के समग्र विकास, देवभूमि की संस्कृति व डेमोग्राफी की सुरक्षा के लिए कड़े फैसले लेने का सिलसिला जारी रहेगा। मदरसे बंद कराए जाने को लेकर उन्होंने कहा कि मुझे इस शब्द से आपत्ति नहीं है, राष्ट्रवादी हूं, इसलिए आतंक की फैक्ट्री चलाने वाले संस्थान को नहीं बख्शूंगा। भाजपा सरकार ने साफ नीयत, स्पष्ट नीति और पारदर्शी प्रक्रिया के साथ शासन चलाने का संकल्प लिया है। आज उत्तराखंड में न तो किसी घोटालेबाज को संरक्षण मिलता है, न किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा जाता है। राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को धामी ने विस्तार से राज्य के 25 साल के सफर को ब्योरा रखा। उन्होंने फिर



दोहराया कि वे राष्ट्रवादी हैं और निरंतर सख्त फैसले लेते रहेंगे। मुख्यमंत्री ने देवभूमि के सभी देवी-देवताओं, राज्य आंदोलन के शहीदों और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। डेढ़ घंटे के संबोधन में उन्होंने कहा कि नौ नवंबर 2000 से वर्तमान तक सभी मुख्यमंत्रियों ने अपने अपने तरीके से राज्य के विकास को गति देने का काम किया।

## खेल

# हारिस रऊफ दो मैचों के लिए सस्पेंड

### ● SKY पर जुर्माना; एशिया कप विवाद पर ICC ने सुनाई सजा

**नई दिल्ली।** एशिया कप 2025 के दौरान हुए विवाद पर सुनवाई करते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ को दो मैचों के लिए सस्पेंड कर दिया है। अब वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी दो मुकाबलों में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा खेल की वैश्विक संस्था ने भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और हारिस रऊफ को आईसीसी आचार संहिता का उल्लंघन करने का दोषी पाया और उन पर वित्तीय जुर्माना और प्रतिबंध लगाए गए हैं। बता दें कि, एशिया कप के दौरान भारत और पाकिस्तान की तीन बार भिड़ंत हुई थी। भारतीय टीम ने पाकिस्तान के फाइनल मैच में हराकर एशिया कप का खिताब अपने नाम किया, लेकिन ट्रॉफी अब तक उन्हें नहीं मिली है।



### रऊफ पर दो मैच का प्रतिबंध

पाकिस्तानी गेंदबाज हारिस रऊफ को भारत के खिलाफ दो अलग-अलग मैचों में दो बार आचार संहिता का उल्लंघन करने पर दो बार 30 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया गया है। इसी के साथ उन्हें दो मैचों के लिए प्रतिबंधित किया गया है, जिसके चलते वे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 4 और 6 नवंबर को होने वाले वनडे मैचों में नहीं खेल पाएंगे। रऊफ को पहले भारत के खिलाफ 14 सितंबर को खेले गए मैच में आर्टिकल 2.21 के तहत 'खेल की छवि को नुकसान पहुंचाने' का दोषी पाया गया था। इसके लिए उन्हें 30 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना और दो डिमेरिट अंक मिले। इसके बाद, भारत के खिलाफ एक और मैच में इसी अनुच्छेद का दोबारा उल्लंघन करने पर उन पर दोबारा 30 प्रतिशत का जुर्माना लगा और दो अतिरिक्त डिमेरिट अंक मिले।

### सूर्यकुमार पर लगा जुर्माना

वहीं, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव पर भी आईसीसी ने 30 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगाया है। सूर्यकुमार ने मैच के बाद भारतीय सेना के समर्थन में और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों के प्रति एकजुटता जताते हुए बयान दिया था, जिसे 'खेल की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाने' वाला माना गया। इसके अलावा, भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को एक डिमेरिट अंक मिला है, जबकि अर्शदीप सिंह और पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान को चेतावनी मिली। आईसीसी ने कहा कि ये सभी उल्लंघन लेवल 1 के तहत आते हैं, जिसमें खिलाड़ी को अधिकतम मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक से दो डिमेरिट अंक दिए जा सकते हैं।

## सिनेमा

# जब दिन के 100-100 पान खा जाते थे आमिर खान, साथ में हर वक्त मौजूद रहता था एक पनवाड़ी



बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान को यूं तो आपने शायद ही कभी पान चबाते देखा होगा, लेकिन एक वक्त ऐसा भी था जब वो दिन के 100 पान तक खा जाया करते थे। जी नहीं, ऐसा वो अपनी किसी खराब आदत या लत के चलते नहीं करते थे। बल्कि बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट ने ऐसा अपने एक किरदार में परफेक्शन फूंकने के लिए किया था। किस्सा उनकी फिल्म पीके का है जो साल 2014 में रिलीज हुई थी। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी यह फिल्म ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। फिल्म में आमिर खान ने एक एलियन का किरदार निभाया था जो दूसरे गृह से पृथ्वी पर किसी मकसद से आता है, लेकिन फिर यहां आकर फंस जाता है। वो अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करके यहां के लोगों की भाषा और तरीका सीख लेता है। साथ ही यहां के लोगों का खान-पान और रहन-सहन भी सीखता है। फिल्म में उनका किरदार पूरे वक्त पान चबाता रहता था और इसीलिए आमिर खान को हर रोज फिल्म के लिए पूरे दिन शूटिंग के दौरान पान चबाते रहना पड़ता था। आमिर खान ने इस बारे में खुद एक इंटरव्यू में बताया था। आमिर खान ने बताया कि वो दिन भर में 100-100 पान चबा जाया करते थे। उनके साथ शूटिंग सेट पर पूरे वक्त एक पनवाड़ी रहता था

## Highlights

1. Scooter rider gets caught while kicking biker in Thane; made to apologise on camera

2. Man seen spitting on rotis while cooking at wedding in UP, held

3. Farmer says he got ₹2.30 instead of ₹1.5 lakh as crop loss aid, official responds

4. Maharashtra govt to honour Mandhana, Jemimah, Radha for WC triumph

5. At 51 mm per year, Delhi sinking faster than other cities: Study

# Google wants to build AI data centres in space, powered by the sun



**NEW DEIHI, (Agency).** Google has launched a new research moonshot, called 'Project Suncatcher', to build AI data centres in space powered by the sun.

The idea is to build a constellation of solar-powered satellites equipped with Google's AI chips, or tensor processing units, flying in low-earth orbit. These can be interconnected internally and potentially the earth to serve as a kind of AI data centre in space, according to a blogpost on The Keyword.

Google, in partnership with satellite maker Planet Labs, plans to launch two prototype AI satellites by early 2027 to test the harware in orbit.

"In the right orbit, a solar panel can be up to eight times more productive than on earth, and produce power nearly continuously, reducing the need for batteries," according to a post on Google Research.

Demand for AI compute, data centres

Google's idea for AI data centres in space comes amid an exponential growth in demand for AI compute on earth.

According to a McKinsey & Co. report, the global demand for AI data-centre capacity is likely to clock a compounded annual growth rate of 19-22% during 2023-2030 to reach 171 GW to 219 GW by the end of this decade. A less likely yet possible scenario sees AI compute demand rising by 27% to 298 GW. That compares with the current demand of 60 GW.

Essentially, AI data-centre capacity has to grow fivefold in five years.

Energy consumption by AI data centres

An AI data centre is a sum of parts, all of which require enormous amount of energy to simply function, let alone deliver AI compute power.

# 'Bullying is not innovation,' — Perplexity CEO pushes back against Amazon attempt to block AI shopping via Comet

**NEW DEIHI, (Agency).** Perplexity AI Inc. has pushed back against attempts by Amazon.com Inc. to block AI shopping via its Comet AI browser, in what it says is the US retail giant's first legal salvo against an AI company.

The AI company, founded and led by the India-born Aravind Srinivas, has received an "aggresive" legal threat from Amazon, demanding Perplexity AI to prohibit its Comet users from using their



AI assistants on its online shopping platform, according to a blogpost titled 'Bullying in Not Innovation' shared by the CEO on X, formerly Twitter.

Comet is an AI-powered browser developed by Perplexity AI that integrates artificial intelligence directly into the browsing experience.

"We would be happy to work together with Amazon to figure out a win-win outcome for both us and them," Srinivas wrote on X. "But attempts to block our Comet Assistant on Amazon and hurt our users—we will have to stand up for them and not get bullied by Amazon."

# जोनल अधिकारी- ठेकादार को मेयर ने फटकारा

## रेस्टोरेशन कर फोटो भेजना नहीं तो ब्लैक लिस्ट कर दूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **सत्यसांई बाग कॉलोनी में रेस्टोरेशन का काम कब होना था, ड्रेनेज के लाइन कब डाली। पांच महीने पहले रेस्टोरेशन क्यों नहीं किया ? 5-5 महीने तक काम नहीं करोगे, लोग परेशान हो रहे हैं। 7 दिन में रेस्टोरेशन करके मुझे फोटो भेजना नहीं, तो ब्लैक लिस्ट कर दूंगा.....**

यह बात महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने ठेकेदार को फोन पर कही। इसके साथ ही अधिकारियों को भी जमकर फटकारा। मंगलवार को महापौर स्थानीय पार्षद सीमा डाबी के साथ वार्ड क्रमांक 12 में पहुंचे। सड़कों की स्थिति देखी, जिस पर वे नाराज हो गए। महापौर के आने की खबर लगते ही जेडओ सहित निगम के अधिकारी भी तुरंत यहां पहुंच गए। सड़क के काम की स्थिति को देखकर उन्होंने जेडओ सहित ठेकेदार को जमकर फटकारा और सात दिन में काम पूरा करने को कहा। दरअसल, इंदौर की सड़कों की जर्जर हालत और अधूरे रेस्टोरेशन कामों को लेकर महापौर एक्शन मोड में है। कई दिनों से वह लगातार फील्ड में जाकर सड़कों की स्थिति देख रहे है। इसी कड़ी में आज वह वार्ड क्रमांक 12 में पहुंचे। यहां कुछ महीने पहले स्टॉर्म वाटर लाइन डाली गई थी, लेकिन अभी तक रोड का रेस्टोरेशन काम पूरा नहीं हुआ। काम पूरा नहीं होने और लोगों की



समस्याओं को लेकर अधिकारियों और ठेकेदार पर जमकर नाराजगी व्यक्त की और उन्हें फटकार भी लगाई और कहा कि सात दिन में काम पूरा करो, नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहो।

महापौर ने मौके से ही ठेकेदार को कॉल किया और लाउड स्पीकर पर ही लोगों के बीच उससे बात की। उससे पूछा की कुछ महीने हो जाने के बाद भी सड़क की मरम्मत क्यों नहीं की। ठेकेदार ने इंजीनियर का नाम लिया तो महापौर ने संबंधित इंजीनियर को भी फटकार लगा दी और कहा कि काम की जिम्मेदारी से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है। महापौर ने ठेकेदार को कॉल पर कहा कि सात दिन में रेस्टोरेशन करके मुझे फोटो भेजना नहीं तो मैं ब्लैक लिस्ट कर दूंगा। ठेकेदार ने कहा कि वह जेडओ के पास गया था, इस पर महापौर ने कहा कि आपने बहुत एहसान किया हमारे ऊपर भाई साहब..., आपका मैं बहुत धन्यवाद करता हूं हृदय से।

महापौर भार्गव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन ठेकेदारों द्वारा निर्धारित समय सीमा में काम पूरा नहीं किया जा रहा, उन्हें ब्लैकलिस्ट किया जाए। साथ ही जोनल अधिकारी को आदेश दिया कि वे सात दिनों के अंदर सड़क रेस्टोरेशन काम पूरा करवाएं नहीं तो सीधी प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि महापौर बीते कुछ दिनों से शहर के विभिन्न वार्डों में औचक निरीक्षण कर रहे हैं और जहां भी लापरवाही दिखाई दे रही है, वहां मौके पर ही कार्रवाई के निर्देश दे रहे हैं।

# पहले तीन तलाक, फिर हलाला का 'खेल', पति-सास की साजिश में फंसी महिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **इंदौर के खजराना थाना क्षेत्र में एक 29 वर्षीय महिला ने अपने पति और सास के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए सोमवार को एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि पति ने न केवल उसे तीन तलाक दिया, बल्कि वापस साथ रखने के वादे पर एक रिश्तेदार से अनुबंध के तहत हलाला भी कराया, लेकिन बाद में अपने वादे से मुकर गया। पुलिस ने आरोपी पति और सास को हिरासत में ले लिया है।**

खजराना पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने बताया कि साल 2010 में उसकी शादी वसीम कल्लू पठान से सामाजिक रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के बाद से ही पति वसीम और सास गुड्डो बी उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। उनका कहना था कि तीन बच्चे हो गए हैं और अब परिवार का गुजारा नहीं चलता, इसलिए वह अपने मायके से मदद लेकर आए। जब महिला ने ऐसा करने से इंकार कर दिया, तो उसके साथ मारपीट की जाने लगी। पीड़िता ने अपनी शिकायत में बताया कि अक्टूबर 2024 में पति ने उसके साथ मारपीट की और तीन तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। आरोपी ने इसकी बाकायदा लिखा-पढ़ी भी कराई और कागज अपने पास रख लिए। महिला ने बताया कि वह अपने पति से अलग नहीं रहना चाहती थी। उसने परिवार के माध्यम से वसीम से बात की, तो वसीम ने वापस साथ रखने के लिए एक शर्त रख दी। शर्त के मुताबिक, महिला को वसीम के एक रिश्तेदार के साथ हलाला करना पड़ेगा। दिसंबर 2025 में वसीम के रिश्तेदार सईद पुत्र शहजाद के साथ 500 रुपए के स्टाम्प पर हलाला के पेपर तैयार कराए गए। महिला का आरोप है कि हलाला की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी पति वसीम ने उसे अपने साथ नहीं रखा और वादा तोड़ दिया। पीड़िता ने बताया कि तब से वह सईद के साथ ही रहने को मजबूर है। पति को कई बार समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना। वसीम ने दो बच्चों को भी अपने पास रख लिया है, जबकि एक बेटा पीड़िता के साथ रह रहा है। पति की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने सोमवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक